RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 25 जून 2025 | वर्ष 07 | अंक 67 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

**वसई - विरार में निर्माणाधीन साइट से सड़क पर कीचड़...**


Page - 2

## ओवरटेक की सनक:
# ट्रक-ऑटो की भीषण टक्कर...
### 2 मासूमों की मौके पर मौत, 4 लोग घायल




**अकोला:** सुबह जब अधिकतर घरों में बच्चों के टिफिन भर रहे थे और लोग अपने-अपने काम पर निकल रहे थे उसी सुबह, अकोला के एक रास्ते पर ज़िंदगी ने करवट ली, और 2 मासूमों की दुनिया एक झटके में खत्म हो गई। पातूर से अंबाशी की ओर जा रहा एक छोटा यात्री ऑटो एक परिवार की रोजमर्रा की सवारी तेज रफ्तार ट्रक की ओवरटेक करने की सनक का शिकार हो गया।

बाभुलगांव के पास आईटीआई कॉलेज के सामने जैसे ही ऑटो पहुंचा, एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी और वह सीधे सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक से जा भिड़ा। 2 मासूमों की सांसें वहीं थम गईं, और कुछ ही पलों में सबकुछ खून, चीख और टूटे सपनों में बदल गया। 13 वर्षीय पियूष रविंद्र सतरकर और 5 वर्षीय लिलाबाई ढोरे जिनके लिए यह दिन शायद स्कूल की तैयारी का था, या नानी के घर की यात्रा का वे अब लौटकर कभी नहीं आएंगे। वे अब नाम बन चुके हैं, तस्वीर बन चुके हैं, और उन आंसुओं का हिस्सा बन चुके हैं जिन्हें उनका परिवार कभी रोक नहीं पाएगा। घटना के समय ऑटो में कुल छह लोग सवार थे। तेज टक्कर से ऑटो उछला, और दोनों बच्चे तुरंत सड़क पर गिर पड़े। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि वे कुछ कहने की स्थिति में नहीं थे बस एक सन्नाटा था, और सड़क पर पसरी लाशें थी।

# राहुल गांधी पर फडणवीस का जोरदार पलटवार
# "झूठ बोले कौवा काटे..."

**मुंबईः राजनीति में शब्दों के तीर अकसर चुनावी गर्मी के साथ तेज हो जाते हैं। लेकिन इस बार मामला सिर्फ बयानबाजी तक नहीं रुका चुनाव प्रक्रिया पर सवाल, मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, और सोशल मीडिया पर सीधे मुख्यमंत्री पर निशाना किया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों ने जहां बीजेपी को कटघरे में खड़ा किया, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीखा और व्यंग्यात्मक जवाब देकर राजनीतिक पारा चढ़ा दिया है।**





राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा करते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विधानसभा क्षेत्र नागपुर दक्षिण-पश्चिम में सिर्फ पांच महीनों में मतदाता संख्या में 8% की अचानक बढ़ोतरी हुई है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव के दिन कई मतदान केंद्रों पर 20% से लेकर 50% तक वोटर संख्या बढ़ी, जो पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है। राहुल गांधी ने इस मामले में न्यूजलॉन्ड्री नामक वेबसाइट की रिपोर्ट का हवाला देते हुए इसे ''मतदाता सूची घोटाला'' करार दिया।

**'कब तक हवा में तीर चलाओगे?'**

फडणवीस का जवाब ''झूठ बोले कौवा काटे, मगर आपके तीर हर बार हवा में क्यों जाते हैं?'' राहुल गांधी के तीखे आरोपों के जवाब में देवेंद्र फडणवीस ने एक बेहद तंज भरा ट्वीट किया ''झूठ बोले कौवा काटे, काले कौवे से डरिए... राहुल गांधी, महाराष्ट्र में हार के कारण आपकी बेचैनी समझ सकता हूं, लेकिन कब तक बिना तथ्य हवा में तीर चलाते रहेंगे?'' उन्होंने कहा कि मतदाता वृद्धि कोई अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रक्रिया है, और महाराष्ट्र के 25 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में ऐसा हुआ है, जिनमें कई सीटें कांग्रेस और सहयोगी दलों ने जीती हैं।

### फडणवीस ने आंकड़े गिनाए, कांग्रेस पर पलटवार

**फडणवीस ने आंकड़ों के साथ राहुल गांधी के आरोपों की हवा निकालने की कोशिश की नागपुर पश्चिम – 7% वोटर वृद्धि (27,065), कांग्रेस के विकास ठाकरे विजयी हो गये। नागपुर उत्तर – 7% वृद्धि (29,348), कांग्रेस के नितिन राऊत विजयी हुए। वडगांव शेरी (पुणे) – 10% (50,911), राष्ट्रवादी के बापूसाहेब पठारे जीते। मालाड पश्चिम (मुंबई) – 11% (38,625), कांग्रेस के असलम शेख विजयी बनाया । मुंब्रा झ 9% (46,041), राष्ट्रवादी के जितेंद्र आव्हाड विजयी हुए। उन्होंने चुटकी लेते हुए लिखा ''अगर राहुल गांधी ने ये आरोप लगाने से पहले अपने ही नेताओं से बात कर ली होती, तो इस तरह की फजीहत नहीं होती।''**

## ठाणे : रिश्वत लेते हुए सिक्योरिटी गार्ड... सुपरवाइजर गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो ने सिक्योरिटी गार्ड्स के एक सुपरवाइजर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी सरकार द्वारा नियुक्त सुपरवाइजर है, जिसे ठाणे में एक सिक्योरिटी गार्ड से एक हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोपी बीएमसी और ठाणे जिले में कर्मचारी है और इसकी ही जिम्मेदारी थी कि वह विभिन्न संस्थानों में गार्ड्स की ड्यूटी लगाए। आरोप है कि एक गार्ड ने पहली शिफ्ट लगाने की मांग की थी, जिसके लिए आरोपी ने एक हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

# महाराष्ट्र में ड्रग्स तस्करों का भंडाफोड़!
### शाजापुर में NDPS की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों का माल जब्त



**मुंबई :** एनडीपीएस टीम ने महाराष्ट्र के शाजापुर गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए टैबलेट बनाने में इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध रासायनिक पाउडर को जब्त किया है. इस कार्रवाई में दो गोदामों को सील किया गया है और पुलिस रसायनों के सही इस्तेमाल की जांच कर रही है. पुलिस को सूचना मिली थी कि छत्रपति संभाजीनगर सीमा के साजापुर गांव और साजापुर चौफुली के बीच 2 आयशर वाहन स्क्रैप बैरल ले जा रहे हैं और बैरल के अंदर रासायनिक पाउडर को ड्रग्स बनाने के लिए तस्करी किया जा रहा है. जब पुलिस टीम ने जाल बिछाया और साजापुर चौफुली में छापा मारा, तो पता चला कि 2 आयशर वाहनों से स्क्रैप मटेरियल के जरिए स्क्रैप बैग में ड्रग्स की तस्करी की जा रही थी. उक्त स्थान पर पुलिस ने पंचनामा बनाकर 2 आयशर से क्रमशः 1 किलो 111 ग्राम और 401 ग्राम पाउडर जैसा सफेद रसायन जब्त किया. उक्त माल बबन खान नाम के व्यक्ति का बताया गया है.

**जांच में नारकोटिक्स होने की हुई पुष्टि**

शाजापुर, एमआईडीसी वालुज के गोदाम में जा रहे थे, तभी पुलिस टीम ने उक्त गोदाम पर छापा मारा तो वहां से 961 ग्राम सफेद पाउडर जब्त किया गया. जब उक्त रसायनों की सरकारी ड्रग्स पहचान किट से जांच की गई तो उक्त रसायन के नारकोटिक्स होने की पुष्टि हुई. उक्त कार्रवाई में कुल 2 किलो 463 ग्राम एमडी लगभग 1,2365,000/- कीमत की जब्त की गई है. जब्त माल का नमूना जांच के लिए एफएसएल को भेजा गया है.

**एंटी-नारकोटिक्स सेल ने की थी महत्वपूर्ण कार्रवाई**

हाल ही में घाटकोपर यूनिट के एंटी-नारकोटिक्स सेल (ANC) ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था और कुल 1.28 किलोग्राम एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स जब्त की थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.03 करोड़ रुपये से अधिक थी.

## मुंबई : महाराष्ट्र में मराठी जरूरी, हिंदी नहीं: भाजपा मंत्री आशीष शेलार



**मुंबई :** महाराष्ट्र के संस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने सोमवार को कहा कि राज्य में केवल मराठी भाषा पढ़ना जरूरी है, हिंदी नहीं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में तीसरी भाषा को लेकर जो विवाद हो रहा है, वो बिलकुल गलत और बिना वजह है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए साफ किया कि कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को जरूरी भाषा नहीं बनाया गया है, जैसा कि कुछ लोग कह रहे हैं। शेलार ने कहा, 'हमारी सरकार ने कक्षा 5 से 8 तक हिंदी पढ़ना भी अनिवार्य नहीं रखा है। इसके बजाय, हिंदी को बाकी भाषाओं के साथ एक विकल्प के रूप में रखा गया है। इसलिए इस विषय पर जो बातें हो रही हैं, वो सही नहीं हैं और बेकार की हैं।'

## 25 साल पुरानी इमारत की छत टूटी

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मंगलवार को एक सात मंजिला इमारत की छत टूट गई। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। अधिकारियों को सुबह 5.37 मिनट पर सूचना मिली कि एक हाउसिंग सोसाइटी की थोड़ी छत गिर गई है। इस 25 साल पुरानी इमारत में 28 फ्लैट, दो ऑफिस और छह दुकाने हैं। टूटी छत के अलावा इमारत में कई और जगह भी खतरनाक स्थिति में हैं।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# रुको, गुरु जी आते हैं...

परौर में गुरुजी आते हैं, तो संगत की आलीशान सवारियां पूरी कोशिश में रहती हैं कि ट्रैफिक की फटीचर स्थिति से कांगड़ा के दो चार दिन बर्बाद हो जाएं। प्रदेश में मेहमान जी आते हैं, तो हमारे रास्ते छोटे और स्थानीय नागरिक बौने हो जाते हैं। हम पर्यटन की गाडि◌ां तब गिनते हैं, जब शिमला की रफ्तार को कोई बंधक बना देता है। शिमला में पचास हजार वाहन रोजाना, इसे किस्मत कहें या पर्यटन के भविष्य का खजाना। अटल टनल से गुजरना अब एक कयामत है या कबायली इलाकों की नई जीवनशैली की रगड़ में अभ्यस्त होने की एक इल्तिजा। दो महीने में दो लाख वाहनों के रिकार्ड में अटल टनल का नजारा उस धुएं से भी पूछ लेना जो सुरंग की छाती से चस्पां होता है। हम पर्यटन के काबिल हैं, वाहनों के प्रबंधन के कतई नहीं। कांगड़ा शहर में कयामत का एक चौक है। मटौर चौक का रिकार्ड यह कि साल में सबसे अधिक जाम यहीं लगते हैं और यह अपने हाथ की सफाई से जनता के साल में पांच-छह सौ घंटे जाम कर देता है।

इतने घंटों में कितना डीजल-पेट्रोल जलता होगा-कितने लोगों का गंतव्य बदलता होगा। इक आदत सी हो गई कसौली-डलहौजी को ट्रैफिक जाम में खुद को खोजने की, इक करार है मकलोडगंज-मनाली से रेंगने का इकरार है। ऐसे में क्या हमने सर्वेक्षण करके पर्यटकों से पूछा कि शिमला के ट्रैफिक जाम में उन्हें राजधानी कितनी सुविधाजनक लगती है। क्या हमने यह पता लगाया कि सडकों पर सैलानी कितना कचरा उंडेलते है। अगर एक पर्यटन बीयर या शराब की कुछ बोतलें खाली करे, तो इन्हें रखने के लिए जगह चाहिए। पानी की कितनी बोतलें, चिप्स के कितने खाली पैकेट और फास्टफूड की पैकिंग से उफनते हाई-वे कितनी गंदगी से भर जाते हैं। देखना है तो मकलोडगंज आइए और देखिए हमारी सैरगाहों के राज। हमें चाहिए गुरुजी और उनके शिष्य, लेकिन परौर और परौर से गुजरने के सुकून का ज्ञान, संगत में नहीं सडक पर देना होगा। हिमाचल की वीआईपी पर्यटन से ब्रांडिंग होती है। कोई गुरु आता है, तो पर्यटन का गुरुत्व पैदा होता है, लेकिन हमें पर्यटन के प्रवेश और प्रस्थान से संतुलन पैदा करना होगा। पर्यटन प्रदेश के चार महीने नहीं और न पर्यटन सीजन के जरिए हम नागरिकों के चार महीने परास्त कर सकते हैं। अगर शिमला व अन्य पर्यटक स्थलों को ट्रैफिक जाम और भीड़ से बचाना है, तो पर्यटन को साल के कैलेंडर में विभक्त करके समूचे हिमाचल में फैलाना होगा।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# वसई - विरार में निमार्णाधीन साइट से सड़क पर कीचड़...

## मनपा की लापरवाही बनती जा रही जानलेवा



**वसई :** वसई-विरार शहर में चल रहे सैकड़ों निर्माण कार्यों ने सड़कों पर कीचड़ और मलबे का ऐसा जाल बिछा दिया है, जिससे आम जनता के लिए आवागमन एक जानलेवा चुनौती बन गया है। निर्माण स्थलों से ट्रकों द्वारा मलबा ले जाते समय सड़कों पर गिर रही मिट्टी और कीचड़ ने पूरे इलाके को फिसलन भरा और गंदा बना दिया है। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी विकराल रूप धारण कर लेती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है।

शहर के कई इलाकों में निमार्णाधीन स्थलों के गेट से लेकर सड़कों पर कीचड़ और मिट्टी का साम्राज्य है। स्थानीय निवासियों की मानें तो दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है। राहुल सिंह, स्थानीय निवासी, ने बताया, ''कई बार दोपहिया वाहन चालक इस कीचड़ में फिसल कर गिर चुके हैं। हर दिन दुर्घटना का डर सताता रहता है।'' यह स्थिति स्पष्ट रूप से बिल्डरों की घोर लापरवाही और महानगरपालिका के नियमों की धज्जियां उड़ाने का प्रमाण है। वसई-विरार महानगरपालिका ने पहले भी बिल्डरों को निर्माण स्थलों पर ग्रीन पर्दा लगाने और सुरक्षा मानदंडों का पालन करने की हिदायत दी थी। लेकिन, बिल्डर इन नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। उनकी लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही है, जिससे नागरिकों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

# मुंबई : धारावी मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब के लिए MMR-DA होगा नोडल एजेंसी...

**मुंबई :** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को धारावी मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब (एमएमटीएच) की अवधारणा और विकास के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। परियोजना के लिए प्रमुख प्राधिकरण के रूप में, एमएमआरडीए राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल), मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल), छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (सीएसआईए), मध्य और पश्चिमी रेलवे और बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) सहित प्रमुख हितधारकों के साथ समन्वय करेगा, ताकि यात्रियों के लिए रेल, मेट्रो, हवाई और बस नेटवर्क में निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित किया जा सके।


# वसई : वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लाखों की ठगी...

## एक आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार



**वसई :** 'वर्क फ्रॉम होम' का झांसा देकर लाखों रुपए की साइबर ठगी करने वाले एक शातिर अपराधी को बोलींज पुलिस अंतर्गत गुन्हे प्रकटीकरण पथक ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विशाल जगतसिंह खुबड (28, निवासी रामपुरा गांव, दिल्ली) के रूप में हुई है। यह मामला 8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच का है, जब विरार पश्चिम के म्हारंबलपाड़ा निवासी शिकायतकर्ता नीलेश पाटिल को एक महिला ने खुद को 'UAN-JNJ' कंपनी का प्रतिनिधि बताकर 'वर्क फ्रॉम होम' का ऑफर दिया। शिकायतकर्ता को शुरूआत में छोटे टास्क दिए गए और कुछ पैसों का रिटर्न भी मिला, जिससे उनका विश्वास बढ़ गया। इसके बाद, 'गोल्ड बिडिंग', 'प्लैटिनम बिडिंग', और 'डबल प्लैटिनम टास्क' जैसी आकर्षक योजनाओं के नाम पर उनसे कुल 9,65,577 रुपए ठग लिए गए। नीलेश पाटिल द्वारा भेजी गई यह रकम फेडरल बैंक, बंधन बैंक और आरबीएल बैंक जैसे विभिन्न खातों में ट्रांसफर की गई थी। बोलींज पुलिस की टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति से दिल्ली में दबिश दी। कई पते फर्जी निकले, लेकिन लगातार आठ दिनों की कड़ी निगरानी और तकनीकी के बाद आखिरकार विशाल जगतसिंह खुबड को दिल्ली से धर दबोचा गया।

# भायंदर : गंदगी एवं बदबू में जीने को मजबूर गणेश देवल नगर के रहवासी...



**भायंदर :** भायंदर (पश्चिम) स्थित गणेश देवल नगर के लोग गंदगी एवं बदबूदार माहौल में जीने को मजबूर है। गणेश देवल नगर एवं जय बजरंग नगर के बीच में एक बड़ा नाला है। यह नाला गंदगी से भरा पड़ा है, एवं यहां पर दुर्गंध फैली हुई है। हालही में मनपा द्वारा यहां पर ठेकेदार के माध्यम से इस नाले की सफाई कराई गयी थी, परन्तु ठेकेदार द्वारा यहां पर सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गयी है।

ठेकेदार तो यहां पैसा कमाने के चक्कर में था परन्तु यहां की देख रेख करने वाले मनपा अधिकारी एवं कर्मचारीयों की भी इस मामलें में उदासीनता समझ से परे हैं। यहां के स्थानीय रहवासी एवं पूर्व नगरसेवक पंकज पांडेय ने मनपा अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिली भगत का आरोप लगाया हैं। पंकज पांडेय ने आरोप लगाया की इस नाले की सफाई को सिर्फ 10 दिन के करीब हुआ हैं उसके बावजूद यहां पर गंदगी भरी पड़ी हैं। इस नाले के बगल में रहने वाले लोग इस गंदगी की वजह से हमेशा बिमार रहते हैं। इतनी बड़ी महानगरपालिक में भी आज लोग ग्रामीण क्षेत्रों से भी बुरी स्थिति में रहने को मजबूर हैं। वहीं ठेकेदार के काम करने के तरीके से भी अंदाजा लग रहा हैं की उसने किस गुणवत्ता का काम किया हैं।

# मुंबई में ओवरहेड तार टूटने से लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित

**मुंबई :** कुर्ला और सायन स्टेशनों के बीच सोमवार रात ओवरहेड तार टूट जाने के कारण सेंट्रल रेलवे की फास्ट लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस की ओर जाने वाली फास्ट लाइन पर तार टूट गया। साथ ही आसनगांव से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस जा रही एक



ट्रेन का पेंटोग्राफ (जो ट्रेन को तार से बिजली पहुंचाता है) भी रात करीब 10:10 बजे टूट गया। उन्होंने बताया कि मरम्मत और बहाली का काम चल रहा है। इन दोनों घटनाओं के कारण मुंबई सीएसएमटी की ओर जाने वाली फास्ट लाइन सेवाओं को धीमी लाइन पर डायवर्ट किया गया। यात्रियों ने दावा किया कि सीआर पर उपनगरीय सेवाएं कम से कम 15 से 20 मिनट देरी से चल रही हैं।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : बुधवार 25 जून 2025



# मुंबई मनपा चुनाव दिवाली के बाद होने की संभावना

## प्रभाग रचना का अंतिम ड्राफ्ट अब सितंबर में... पिछले आदेश में संशोधन, बढ़ाए गए चरण

**मुंबई :** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव में थोड़ा विलंब हो सकता है। सोमवार को महाराष्ट्र शासन के नगर विकास विभाग की तरफ से प्रभाग रचना को लेकर जारी आदेश में संशोधन किया गया है। नए आदेश के अनुसार प्रभाग रचना (वार्ड रचना) को अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजने की जिम्मेदारी मनपा आयुक्त से लेकर नगर विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव व प्रधान सचिव को दे दी गई है। साथ ही अब अगस्त के बजाय सितंबर में राज्य चुनाव आयोग को प्रभाग रचना का अंतिम प्रस्ताव भेजा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में महानगरपालिका, महानगरपालिका और नगर पंचायतों के आम चुनाव चार महीने के भीतर कराने का आदेश दिया है। नए आदेश के अनुसार चुनाव के लिए वार्ड संरचना योजना तैयार करने की प्रक्रिया सितंबर के अंत तक जारी रहेगी। दिवाली अक्टूबर में है। चूंकि उस दौरान चुनाव होने की संभावना नहीं है, इसलिए महानगरपालिका के चुनाव दिवाली के बाद होने की संभावना है। नगर विकास विभाग ने सोमवार को अपने पिछले आदेश में संशोधन किया। पिछले आदेश में कहा गया था कि वार्ड संरचना के लिए अंतिम प्रस्ताव महानगरपालिका आयुक्त के माध्यम से चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। इसके बजाय अब अंतिम प्रस्ताव अगस्त के बजाय सितंबर में नगर विकास विभाग की तरफ से चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। चूंकि प्रक्रिया के चरण भी बढ़ाए गए हैं, इसलिए इस प्रक्रिया में और देरी होने की संभावना है। राज्य में पिछले कुछ दिनों से स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। नगर विकास विभाग ने पिछले 10 जून को प्रभाग रचना के आदेश जारी किए थे। इसके बाद प्रभाग रचना का तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया था। 11 जून से यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले कार्यक्रम के अनुसार अंतिम प्रभाग संरचना योजना 12 अगस्त से 18 अगस्त के बीच चुनाव आयोग को मंजूरी के लिए भेजी जानी थी। सोमवार को घोषित नए कार्यक्रम के अनुसार इसे 16 सितंबर से 22 सितंबर के बीच चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। आयोग के पास इसे मंजूरी देने पर फैसला लेने के लिए 2 अक्टूबर तक का समय है।




# अगले पांच दिनों तक समुद्र में उठेंगी ऊंची लहरें...



**मुंबई :** मंगलवार से 28 जून (शनिवार) तक लगातार पांच दिनों तक समुद्र में बड़ी ऊंची लहरें उठने वाली हैं। मनपा प्रशासन ने समुद्र किनारों पर मौज मस्ती करने जाने वाले नागरिकों को सलाह दी है कि समुद्री किनारो पर न जाएं। संभावित दुर्घटना से बचने की अपील की गई है। मनपा प्रशासन ने इस साल के मानसून के दौरान जून से सितंबर के बीच कुल 19 बार समुद्र में बड़ी लहरें उठने की संभावना है। बड़ी लहरों का मतलब है कि समुद्र में लहरों की ऊंचाई 4.5 मीटर से अधिक होगी। इस संबंध में मनपा के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जानकारी जारी की गई है, जिसमें इस दौरान समुद्री किनारों पर जाकर मौज मस्ती करने वालों को चेतावनी दी है कि खुद का बचाव करें और समुद्र के अंदर से जाने से बचें। मनपा के आपदा विभाग द्वारा दी गई जानकारी में इस बार सबसे ऊंची लहर 26 जून को उठने वाली हैं, जिसकी ऊंचाई

# मुंबई : मानखुर्द में कार के लेन-देन को लेकर दोस्त की हत्या...

## कामशेत पुलिस के हद्द में मिला शव

**मुंबई :** मानखुर्द में रहने वाले मोहम्मद सलीम अब्दुल करीम वाहिद अंसारी की गुमशुदगी की जांच करते हुए पुलिस ने उसकी हत्या करने वाले दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक को आखिरी बार पिंपरी-चिंचवड़, पुणे क्षेत्र में अपनी कार एमएच 03 इएस 1507 के साथ देखा गया था, जिसके बाद से परिजनों से उसका संपर्क टूट गया था। जिसकी शिकायत पर मानखुर्द पुलिस ने 19 जून को रात गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस



उपायुक्त जोन 6 समीर शेख के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मधु घोरपडे ने पुलिस की तीन टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की। कार की आखिरी लोकेशन पुणे के भोसरी इलाके में मिली, जिसके बाद टीम ने घटनास्थल के आसपास जांच की तो, इसी दौरान कामशेत पुलिस क्षेत्र में टोल नाके के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। जब पुलिस टीम ने शव का मिलान किया तब पता छापा की वह मोहम्मद सलीम अब्दुल करीम वाहिद अंसारी का शव है। जांच में सामने आया कि अंसारी की हत्या उसके ही मित्र ने कार के लेन-देन को लेकर की थी। पुलिस ने मृतक के मित्रों के मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच, मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे के टोल नाकों और निजी सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की पहचान की और उसे लातूर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# मुंबई : 38 फरार और वांछित आरोपी पकड़ाए... छिपकर रह रहे थे आरोपी

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने फरार आरोपियों को ढूंढने के लिए विशेष अभियान चलाया है। जिसके तहत 11 जून से 20 जून के दौरान, जोन 4 पुलिस के आदेशानुसार, जोन 04 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पुलिस थानों की सहायता से वांछित व फरार आरोपियों को पकड़ने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष कार्रवाई के लिए जोन 04 के प्रत्येक पुलिस थाने में एक टीम का गठन किया गया था। साथ ही, इन टीमों को वांछित और फरार आरोपियों की तलाश के लिए निर्धारित एसओपी से अवगत कराया



गया था। इस अभियान के दौरान पुलिस को कुल 38 आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली, जिनमे वांछित आरोपी 34 शामिल हैं, जिसमें शरीर संबंधी अपराधों के 13, संपत्ति संबंधी अपराधों के 9 और अन्य अपराधों के 12 और चार फरार आरोपी जिनपर शरीर संबंधी अपराधों के दो, संपत्ति संबंधी एक और अन्य अपराधों के एक मामले शामिल हैं।

विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि इनमें से कुछ आरोपी वर्ष 1989, 1993 और 2007 के गंभीर मामलों में वांछित आरोपी भी शामिल हैं। अभियान में शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए एक उत्कृष्ट सफलता दर्ज की। मुंबई पुलिस की यह कार्यवाही न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुई है, बल्कि फरार अपराधियों को पकड़ कर न्याय प्रक्रिया को गति भी प्रदान की है।

# पुणे स्टेशन का नाम बदलने की मांग




**पुणे :** भाजपा की राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी ने सोमवार को पुणे रेलवे स्टेशन का नाम महान थोरेल बाजीराव पेशवा के नाम पर रखने की मांग की। उन्होंने कहा, 'आज पुणे और सोलापुर रेलवे डिवीजनों की एक बैठक बुलाई गई थी। कई संगठनों ने मांग की है कि पुणे रेलवे स्टेशन का नाम थोरेल बाजीराव पेशवा के नाम पर रखा जाए। मैंने आज मांग दोहराई।' पेशवा को बाजीराव प्रथम के नाम से भी जाना जाता है। वे 1720 से 1740 के बीच छत्रपति शाहू प्रथम के अधीन पेशवा (प्रधानमंत्री) थे और उन्हें अपनी सैन्य शक्ति के साथ-साथ मराठा साम्राज्य के विस्तार के लिए जाना जाता है।

# मुंबईकरों के लिए अलग 'वाकिंग प्लाजा'

## मुंबई नगर निगम द्वारा 40 प्रतिशत कार्य पूरा...

**मुंबई :** फुटपाथों पर फेरीवालों का कब्जा है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में मुंबई महानगरपालिका ने मुंबईकरों और पर्यटकों के लिए अलग से फुटपाथ का पूरा उपयोग 'वाकिंग प्लाजा' के रूप में करने का फैसला किया है। यह कोलाबा निर्वाचन क्षेत्र के प्रकाश पेठे मार्ग पर दीपक जोग चौक (मंत्रालय के पास) से भाई बंदरकर चौक (बधवार पार्क) तक पर्यटकों के लिए अलग रास्ता होगा। मुंबई महानगरपालिका के ए वार्ड की ओर से एक ठेकेदार की नियुक्ति भी कर दी गई है और इस प्लाजा का 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। महानगरपालिका ने दिसंबर तक



प्लाजा का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

**पांच करोड़ रुपए खर्च कर रही मनपा**

इस कार्य पर लगभग पांच करोड़ रुपए खर्च कर रही है। जिसके लिए पर्यटन विभाग और जिला नियोजन विकास समिति से निधि स्वीकृत की गई है। इस काम के लिए सुर्या इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन को नियुक्त किया गया है। पैदल मार्ग के अंतर्गत सड़क, फुटपाथ पर अनधिकृत निर्माण हटाना, स्टैम्प कंक्रीट का फुटपाथ बनाना, सौंदर्यीकरण करना, थ्री-डी पेंटिंग, दिशा सूचक बोर्ड लगाना और सजावटी पौधे लगाने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। यह मार्ग सामान्यतः वाहनों और पैदल यात्रियों से व्यस्त रहता है। स्वतंत्र मार्ग बनने के बाद पर्यटक इस इलाके में आराम से घूम सकेंगे। पार्किंग समस्या का समाधान करने का भी प्रयास किया जा रहा है। इस वाकिंग प्लाजा पर किसी भी प्रकार के अवैध फेरीवालों और अतिक्रमण को रोकने के लिए निगरानी रखी जाएगी।

# मराठी भाषा महाराष्ट्र की पहचान है, भाषा विकल्प होनी चाहिए, बाध्यता नहीं: आव्हाड

**ठाणे :** महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को थोपने को लेकर उठे विवाद के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र की पहचान मराठी भाषा से है और लोगों को कोई भी भाषा सीखने के लिए बाध्य करना इसका समाधान नहीं है। पत्रकारों से बात करते हुए राकांपा (एसपी) के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक दल के नेता आव्हाड ने कहा कि यह विवाद वास्तविक मुद्दों से जानबूझकर ध्यान भटकाने की कोशिश है।

उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र की पहचान इसकी भाषा मराठी में है। कोई भी किसी को कोई भी भाषा सीखने से नहीं रोकता, लेकिन बाध्यता इसका जवाब नहीं है। जब गुजरात, तमिलनाडु या पश्चिम बंगाल में हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया गया है, तो महाराष्ट्र में इसे क्यों थोपा



जाना चाहिए?''

भाषा में राजनीति पाखंड की आलोचना करते हुए, अव्हाड ने कहा, ''हम हिंदी की प्रशंसा करते हैं और अंग्रेजी को गाली देते हैं। अंग्रेजी एक वैश्विक भाषा है और अवसरों के द्वार खोलती है। लोगों को वह सीखने दें जो वे सीखना चाहते हैं, लेकिन उसे किसी पर थोपे नहीं।'' राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने सोमवार को ठाणे शहर में अन्य राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को पार्टी में शामिल किया।

# महाराष्ट्र में भाषा को लेकर बवाल जारी, हिंदी थोप रही सरकार...
# राज ठाकरे की पार्टी ने सरकार को दी चेतावनी !

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लेकर राजनीतिक गर्मी बनी हुई है. मनसे पूरे महाराष्ट्र में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ स्कूलों के बाहर हस्ताक्षर अभियान चला रही है. मनसे के कार्यकर्ता हिंदी थोपे जाने के खिलाफ अभिभावकों के पास पत्र लेकर पहुंच रहे हैं और उनके हस्ताक्षर ले रहे हैं. इसी के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में तीन भाषा फामूर्ले की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक भी की. मनसे पूरे महाराष्ट्र में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ स्कूलों के बाहर हस्ताक्षर अभियान चला रही है. वो राज्य में लागू की जा रही तीन भाषा नीति का विरोध कर रही है और आरोप लगा रही है कि तीसरी भाषा के नाम पर हिंदी थोपी जा रही है. राज ठाकरे का कहना है कि राज्य में केवल दो भाषा नीति होनी चाहिए. मराठी और अंग्रेजी भाषा छात्रों के लिए पर्याप्त है.

मनसे ने सरकार को धमकी दी है कि अगर सरकार उनके विरोध और अभियान पर ध्यान नहीं देती है तो वे सड़कों पर उतरेंगे. महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि भाजपा हमेशा से मराठी और छात्र कल्याण की प्रबल समर्थक रही है. महाराष्ट्र में केवल मराठी को अनिवार्य बनाया गया है. कोई अन्य



भाषा नहीं थोपी गई है. पहले कक्षा 5 से 8 तक हिंदी अनिवार्य थी, लेकिन अब यह अनिवार्यता हटा दी गई है. हिंदी अब कक्षा 1 से 5 तक केवल वैकल्पिक तीसरी भाषा के रूप में उपलब्ध है, और चयन में विकल्प के साथ. हस्ताक्षर करने वाले एक अभिभावक ने कहा कि हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं. हम चाहते हैं कि हमारा बच्चा हिंदी सीखे, लेकिन पहली कक्षा से नहीं. यह एक अतिरिक्त बोझ होगा. एक छात्र की मां ने कहा कि हमें गर्व है कि हम महाराष्ट्रीयन हैं. हमारी मातृभाषा और अंग्रेजी ही काफी है. सरकार को अपनी 3 भाषा नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए. एक अभिभावक की राय भी अलग थी, उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि मेरा बच्चा पहली से पांचवीं कक्षा तक मराठी और अंग्रेजी के साथ हिंदी भी सीखे.

साने गुरुजी स्कूल में हस्ताक्षर अभियान चलाने वाले मनसे नेता यशवंत किलेदार ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अभिभावकों से हमें अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है. हमने शिक्षा क्षेत्र के लोगों से भी संपर्क किया है ताकि इसे केवल राजनीतिक अभियान तक सीमित न रखते हुए सामाजिक अभियान बनाया जा सके. किलेदार ने सरकार को धमकी दी है कि अगर उसने मनसे के अभियान पर ध्यान नहीं दिया तो मनसे सड़कों पर उतरेगी. उन्होंने कहा, ''हमें तीसरी भाषा नहीं चाहिए. दो भाषाएं पर्याप्त हैं. हम सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं. लेकिन अगर सरकार इस पर ध्यान नहीं देती है तो मनसे सड़कों पर उतरेगी. दरअसल, ये मुद्दा अब मराठी अस्मिता का मामला बन चुका है. अब इसपर हो रही रजनीति से किस्को लाभ होगा ये देखना दिलचस्प है. वहीं, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने राज्य में त्रिभाषा फामूर्ले की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की.

## वसई पश्चिम में जन्मदिन की पार्टी में खूनी झड़प... एक की मौत, एक घायल

**वसई :** वसई पश्चिम के उमेला पापड़ी स्थित राम मोहन लोहिया नगर में एक जन्मदिन की पार्टी में हुई खूनी झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुखद घटना शराब पीने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद हुई, जिसने खुशी के माहौल को मातम में बदल दिया।




मृतक की पहचान आकाश मिलिंद पवार के रूप में हुई है, जबकि राहुल धर्म भुरकुड़ (27) घायल हुए हैं। पुलिस ने इस मामले में मनीष रमेश पांडे (37) को मुख्य आरोपी बनाया है और उसकी तलाश में जुटी हुई है। यह घटना रविवार, 22 जून की रात लगभग 8:30 बजे की है। घायल राहुल भुरकुड़ के दोस्त महेश का जन्मदिन मनाने के लिए बब्लू खान भांगर दुकान, पापड़ी एमआईडीसी के पास एक पार्टी का आयोजन किया गया था। पार्टी में शराब पीने के दौरान ही राहुल और मनीष रमेश पांडे के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते यह बहस झगड़े में बदल गई और मनीष पांडे ने कथित तौर पर राहुल के पेट में चाकू से हमला कर दिया।

## मनपा चुनाव : मतदाता सूची को तैयार करने में लगाए गए 2100 शिक्षक

## अपने मूल कार्यालय में रह कर ऑनलाइन बनानी होगी मतदाता सूची

**मुंबई :** चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर मनपा शिक्षा विभाग में कार्यरत 2100 शिक्षकों को मतदाता सूची तैयार करने का काम सौंपा है। स्कूल खुलने के बाद कई शिक्षक स्कूल में जाने के बजाय मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण के काम में लगे थे। मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों को अपने कार्यालय में रह कर ऑनलाइन मतदाता सूची का काम करना होगा। इस कार्य के लिए स्थानीय मतदाता पंजीकरण




अधिकारी (ईआरओ) कार्यालय में शामिल होने की कोई आवश्यकता नहीं है। भारतीय चुनाव आयोग जल्द ही मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम घोषित करने वाला है। इसके लिए महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी (बीएलओ) और मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी पर्यवेक्षकों (बीएलओ पर्यवेक्षकों) की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। जिला चुनाव अधिकारी के नाते मनपा आयुक्त ने मुंबई शहर जिले और मुंबई उपनगरीय जिले के लिए मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी और मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

## जानवरों की हड्डियां ले जाते दो आरोपी गिरफ्तार...




**भिवंडी :** शहर के धामणकर क्षेत्र में एक ट्रक से अवैध रूप से जानवरों की हड्डियां ले जाते हुए दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। इस मामले में शहर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, ट्रक क्रमांक टल्ल-16-अए-4059) में बड़ी मात्रा में जानवरों की हड्डियां ले जाई जा रही थीं, जिनका कोई वैध दस्तावेज या अनुमति नहीं थी। वाहन में सवार व्यक्तियों की पहचान सलीम रफीक कुरेशी निवासी दरगाह रोड़ और अबु सौद इकबाल अहमद अंसारी के रूप में हुई है। अबु सौद पेशे से वाहन चालक है और मूल रूप से मालेगांव का निवासी है। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 325, 271 एवं महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम 1956 के कलम 5,5 (अ), 5 (ब), 5 (क),6,9,9 (अ) के तहत केस दर्ज किया ग है। जांच में सामने आया है कि आरोपी बिना किसी वैध अनुमति के जानवरों के अवशेष, विशेष रूप से हड्डियां, लेकर जा रहे थे। वाहन को तुरंत जब्त कर लिया गया है और बरामद हड्डियों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

## घोडबंदर रोड़ स्थित वसोर्वा ब्रिज से समुद्र मे गिरा टैंकर... चालक की हुई मौत!

**काशिमीरा :** घोडबंदर रोड़ स्थित वसोर्वा ब्रिज पर हुई दुर्घटना में एक टैंकर समुद्र में गिरने से टैंकर चालक की मौत हो गयी हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह टैंकर गुजरात से मुंबई की तरफ के मार्ग से आ रहा था।

इस टैंकर के आगे एक ट्रेलर जा रहा था इन दोनों की टक्कर होने से टैंकर चालक का संतुलन बिगड़ गया एवं वह टैंकर ब्रिज की लोहे की रेलिंग तोड़ कर समुद्र में गिर गया। घटना के बाद काशिगांव पुलिस एवं फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और टैंकर





चालक का शव समुद्र से बाहर निकल लिया गया। बताया जा रहा है कि टैंकर ठाणे की तरफ जा रहा था। काशिगांव पुलिस इस दुर्घटना की जांच कर रही है, यह भी मालूम किया जा रहा है की टैंकर चालक के साथ अन्य कोई और भी इस टैंकर में सवार था क्या। इस दुर्घटना के बाद भाजपा महासचिव अनिल भोसले ने कहां की यह ब्रिज काफी व्यस्त ब्रिज है, यहां पर दिन रात वाहनों का आवागमन होते रहता हैं। इस ब्रिज पर पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। यहां पर एक स्कूल बस भी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, उस बस में काफी स्कूली बच्चे थे। गमीनत यह रही की उनमें किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। भोसले ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से मांग की है की इस ब्रिज पर सुरक्षा के हिसाब से अच्छी रेलिंग लगाई जाएं जिससे इस प्रकार की दुर्घटना के वक्त वाहन समुद्र में गिर सके।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com